भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
मौखिक प्रश्न संख्या : 145
गुरुवार, 01 अगस्त, 2024/10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कारगिल में विमानपत्तन का निर्माण

***145. श्री मोहम्मद हनीफ़ा**

क्या नागर **विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या यह सच है कि सरकार ने कारगिल में सिविल विमानपत्तन के निर्माण के संबंध में एक सर्वेक्षण कराया है;
(ख) यदि हां, तो उसकी स्थिति क्या है और इस पर क्या कार्रवाई की गई है;
(ग) क्या सरकार का कारगिल में उक्त विमानपत्तन का निर्माण शीघ्र करने का विचार है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्री (श्री किंजरापु राममोहन नायडू)

(क) से (घ): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

"कारगिल में विमानपत्तन का निर्माण" के संबंध में श्री मोहम्मद हनीफ़ा द्वारा पूछे गए लोक सभा के दिनांक 01.08.2024 के मौखिक प्रश्न संख्या 145 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) से (घ): जी हां, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), भारतीय वायु सेना और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की एक बहु-विषयक टीम ने लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में हवाईअड्डों के निर्माण के लिए वर्ष 2021 में वाखा कारगिल, तुरतुक, डिस्कित, न्योमा और पदुम/ज़ंस्कार का इन स्थलों की व्यवहार्यता की जांच करने हेतु दौरा किया था। तथापि, इनमें से कोई भी स्थल हवाईअड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया।

इसके अलावा, लद्दाख के संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अनुरोध पर, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने कारगिल हवाईअड्डे पर बोइंग 737 और एयरबस 320 विमानों के परिचालन की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (इकाओ) को नियुक्त किया। इकाओ के अध्ययन में पाया गया कि मौजूदा हवाईपट्टी में ऐसे विमानों का परिचालन संभव नहीं है।

******